हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EPCH
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

# प्रेस विज्ञप्ति

# "सउदी अरब के रियाद में आयोजित इंडेक्स सउदी अरेबिया में ईपीसीएच ने शानदार उपस्थिति दर्ज कराई"

**नई दिल्ली- 18 सितंबर 2024** – इंडेक्स सऊदी अरब", 2024 का आयोजन रियाद, सऊदी अरब में हुआ और ईपीसीएच इंडिया पैवेलियन का उद्‌घाटन, भारतीय मिशन के उप प्रमुख, श्री अबू माथेन जॉर्ज और सुश्री मनुस्मृति, काउंसलर (आर्थिक और वाणिज्य) ने किया। इस अवसर पर सदस्य निर्यातकों औऱ प्रदर्शकों की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। यह मेला 17 से 19 सितंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। रियाद में आयोजित इंडेक्स सऊदी अरेबिया जैसे बड़े मंच पर भारत के पास अपनी अद्वितीय विविधता, समृद्ध संस्कृति और कला और शिल्प की लंबी परंपरा को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर.के.वर्मा ने इस अवसर पर बताया कि परिषद ने ऐसी व्यवस्था की है जिससे इस आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से सदस्य निर्यातकों और कारीगरों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

मिशन के उपप्रमुख श्री अबू मैथेन जॉर्ज ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सदस्य प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और भविष्य के व्यावसायिक प्रचार में हर संभव समर्थन का आश्वासन दिया।

ईपीसीएच के चेयरमैन श्री दिलीप बैद ने कहा कि "इंडेक्स सऊदी अरेबिया" मध्य पूर्व एशिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाला इंटीरियर इवेंट है, जिस पर दुनिया भर की कंपनियों और ब्रांडों का भरोसा है। यह मेला अंतरराष्ट्रीय डिजाइन, गृह सज्जा और जीवनशैली समुदाय को एक छत के नीचे लाता रहा है। भारत की भागीदारी मेले की जीवंतता और विविधता को बढ़ाएगी, साथ ही वैश्विक निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं और ब्रांडों को भारतीय कपड़ा, घरेलू साज-सज्जा और उपभोक्ता उत्पाद उद्योगों में मजबूत उद्यमिता से परिचित कराएगी, जिससे भारत से सोर्सिंग के अवसर खुलेंगे।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने बताया कि इस बार के आयोजन में सदस्य निर्यातक घरेलू सजावट, उपहार, मोमबत्तियाँ, धूपबत्ती, घरेलू सजावटी उत्पाद आदि प्रदर्शित कर रहे हैं। भारतीय हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के लिए ईपीसीएच ने मास्टर शिल्पकारों/कारीगरों द्वारा भारतीय पारंपरिक शिल्प के लाइव प्रदर्शन के साथ थीमैटिक डिस्प्ले की स्थापना की है। हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय ने आगरा से संगमरमर के जडाऊ काम, बीकानेर से ऊंट के चमड़े पर उस्ता कला, लखनऊ से हड्डी पर नक्काशी, उड़ीसा से ताड़ के पत्ते और जोधपुर से सींग और हड्डी शिल्प के 5 मास्टर शिल्पकारों को थीमैटिक डिस्प्ले के लिए नियुक्त किया है।

ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि स्थापित करने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 32,759 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन डॉलर) रहा। यह निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में 9.13% और डॉलर के संदर्भ में 6.11% की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह वर्ष 2023-24 के दौरान सऊदी अरब को होने वाला हस्तशिल्प वस्तु निर्यात 525.65 करोड़ रुपए (यूएस $ 63.46 मिलियन) रहा।

---

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक- ईपीसीएच
+91-9810697868

EPCH
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
Export Promotion Council for Handicrafts
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

# Press Release

## "EPCH MARKED PRESENCE IN INDEX SAUDI ARABIA AT RIYADH, SAUDI ARABIA"

**New Delhi – 18th September'2024** - "Index Saudi Arabia", 2024 got underway at Riyadh, Saudi Arabia and the EPCH India Pavilion was inaugurated by Deputy Chief of Mission, Mr. Abu Mathen George and Ms. Manusmriti, Counsellor (Economic & Commerce) in the presence member exhibitors. The fair is being held from 17 - 19 September' 2024. India has a great opportunity to display its unparalleled diversity, rich culture, and long tradition of arts and crafts on a large stage like Index Saudi Arabia, Riyadh, Saudi Arabia. The Council has organized participation of member exporters and artisans from different parts of the country informed Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH.

Mr. Abu Mathen George, Deputy Chief of Mission, along with other senior official interacted with member participants and assured all support in future business promotions.

Mr. Dileep Baid, Chairman-EPCH said that Index Saudi Arabia is the longest-running interiors event in the Middle East, trusted by companies and brands all over the world. The fair is bringing together the international design, home decor and lifestyle community under one roof. India's participation will add to the fair's vibrancy and diversity, as well as familiarise global manufacturers, retailers, and brands with the robust entrepreneurship in the Indian textiles, home furnishing, and consumer products industries, opening up opportunities for sourcing from India.

Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH said in this edition, member exporters are displaying Home Décor, Gifts, Candles, Incenses, Household Products Decorative etc are participating. To promote Indian Handicrafts, EPCH has setup Thematic Display with live demonstration of Indian Traditional Crafts by Master Craftspersons / Artisans. The office of Development Commissioner [Handicrafts] has deputed 5 Master Craftsmen of Marble Inlay from Agra, Usta Art on Camel Leather from Bikaner, Bone Carving from Lucknow, Palm Leaf from Orissa and Horn & Bone Craft from Jodhpur.

EPCH is a nodal agency for promoting exports of handicrafts from the Country to various destinations of the world and projecting India's image abroad as reliable supplier of high quality of handicrafts. The Handicrafts exports during the year 2023-24 was Rs. 32,759 Crores (US $ 3,956 Million) registering a growth of 9.13% in rupee term & 6.11% in dollar terms over the previous year. The exports of handicrafts items to Saudi Arabia during the year 2023-24 is Rs. 525.65 Crores (US $ 63.46 Million) informed by Mr. R. K. Verma, Executive Director-EPCH

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

**For more information please contact:**
Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH
+91-9810697868

Encl: Hindi, English version and photos







**Photo 1 & 2**: EPCH India Pavilion inaugurated by Mr. Abu Mathen George, Deputy Chief of Mission alongwith other senior officials and participating member at EPCH India Pavilion in Index Saudi Arabia 2024 at Riyadh, Saudi Arabia.




**Photo 3**: Mr. Abu Mathen George, Deputy Chief of Mission interacted with members participating in Index Saudi Arabia 2024 at Riyadh, Saudi Arabia.